HBK-01

June - Examination 2026
B.A./ B.Sc. (Part-I) Examination
हिन्दी
हिन्दी भाषा कौशल–I
Paper : HBK-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **70***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) खड़ी बोली का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?
   (ii) तत्सम शब्द किसे कहते हैं? चार उदाहरण लिखिए।
   (iii) देशज शब्द से क्या तात्पर्य है? तीन उदाहरण बताइए।
   (iv) लिपि किसे कहते हैं? हिन्दी किस लिपि में लिखी जाती है? बताइए।
   (v) उपसर्ग किसे कहते हैं? तीन उपसर्गों के उदाहरण लिखिए।
   (vi) पल्लवन किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।
   (vii) निम्नलिखित परिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए –
   (अ) EXIT (ब) OATH (स) CREDIT (द) TELEVISION

खण्ड–'ब' **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **7** अंक का है।

2. हिन्दी भाषा के उद्‌भव एवं विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।
3. तत्सम, तद्‌भव एवं देशज शब्दों को समझाते हुए प्रत्येक के पाँच–पाँच उदाहरण लिखिए।
4. देवनागरी लिपि के नामकरण संबंधी विविध मतों की समीक्षा कीजिए।
5. हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के योगदान को रेखांकित कीजिए।
6. पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं? 'अग्नि', 'वायु', 'सूर्य', 'चन्द्रमा' एवं 'रात्रि' के पाँच–पाँच पर्यायवाची शब्द लिखिए।
7. परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र द्वारा बधाई संदेश दीजिए।
8. 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई' इस पंक्ति का पल्लवन कीजिए।
9. सरकारी पत्रों के विविध रूपों का वर्णन कीजिए।

खण्ड–'स' **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. हिन्दी भाषा की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा का अंतर रेखांकित कीजिए।

11. देवनागरी लिपि एक वैज्ञानिक लिपि है। स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए।

12. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ में अन्तर बताते हुए उपसर्ग एवं प्रत्यय को उदाहरण सहित समझाइए।

13. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए –

    (क) जीवन में खेल–कूद का महत्व

    (ख) पर्यावरण प्रदूषण

    (ग) जन संख्या वृद्धि एक ज्वलंत समस्या

    (घ) दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई

    (ङ) हिन्दी भाषा की वैश्विक लोकप्रियता
